भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग
........
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 151**
(22 नवम्बर, 2011 को उत्तर दिए जाने के लिए)

**मनरेगस के अंतर्गत गारंटेड कार्य दिवसों की उपलब्धि**

**151. श्रीमती हेमा मालिनीः**
**श्री प्रभात झाः**

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या यह सच है कि मनरेगस में 100 दिनों की रोजगार गारंटी का क्रियान्वयन अपने लक्ष्य से काफी पीछे है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रदीप जैन 'आदित्य' )**

(क) और (ख) : महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) की धारा 3(1) के अनुसार यह संबंधित राज्य सरकार का काम है कि वह प्रत्येक परिवार जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक हैं, को इस अधिनियम के अंतर्गत बनाई गई योजना के अनुसार एक वित्त वर्ष में कम से कम 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराए। इस अधिनियम की धारा 4 के अनुसार प्रत्येक राज्य सरकार इस अधिनियम की धारा 3 के प्रावधानों को लागू करने के लिए योजना को अधिसूचित करेगी। जैसा कि राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किया गया है, विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान एमजीएनआरईजीए के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध कराए गए परिवारों की कुल संख्या, प्रति परिवार औसत श्रम दिवसों की संख्या, उन परिवारों की संख्या जिन्हें 100 दिनों का रोजगार मिला, के ब्यौरे **अनुबंध** में दिए गए हैं।

एमजीएनआरईजीए के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक हैं, को एक वित्त वर्ष में प्रति परिवार 100 दिनों के मजदूरी रोजगार की कानूनी गारंटी दी जाती है। एमजीएनआरईजी अधिनियम की अनुसूची-II के पैरा 1

में यह निर्धारित है कि प्रत्येक परिवार के वयस्क सदस्य जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं और अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक हैं, जॉबकार्ड जारी करने के लिए अपने परिवार के पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। तथापि, इस अधिनियम के अंतर्गत केवल जॉब कार्ड जारी कर दिए जाने से कोई परिवार रोजगार पाने का हकदार नहीं हो जाता है। इस अधिनियम की अनुसूची- II के पैरा 9 के अंतर्गत उस परिवार को भी रोजगार पाने का पात्र होने के लिए कार्य के लिए आवेदन करना होता है। चूँकि मांगे जाने पर रोजगार उपलब्ध कराया जाता है, परिवार जिन्हें रोजगार उपलब्ध कराया गया और 100 दिनों का रोजगार मिला, की संख्या रोजगार की मांग किए जाने पर निर्भर करती है।

*****

## राज्य सभा में दिनांक 22.11.2011 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 151 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

| सं0 | राज्य | उन परिवारों की संख्या जिन्हें रोजगार उपलब्ध कराया गया | | | | प्रति परिवार औसत रोजगार दिवस | | | | उन परिवारों की संख्या जिन्हें 100 दिनों का रोजगार मिला | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 सितम्बर, 11 तक | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 सितम्बर, 11 तक | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 सितम्बर, 11 तक |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 5699557 | 6158493 | 6200423 | 3963559 | 48 | 66 | 54 | 38 | 483058 | 1395537 | 964713 | 26276 |
| 2 | अरूणाचल प्रदेश | 80714 | 68157 | 134527 | 2183 | 43 | 25 | 23 | 6 | 12788 | 276 | 602 | 0 |
| 3 | असम | 1877393 | 2137270 | 1798372 | 663189 | 40 | 34 | 26 | 19 | 176778 | 130457 | 45490 | 4625 |
| 4 | बिहार | 3822484 | 4127330 | 4738464 | 435101 | 26 | 28 | 34 | 28 | 102597 | 282797 | 284063 | 16378 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 2270415 | 2025845 | 2485581 | 2056704 | 55 | 51 | 45 | 32 | 251674 | 160851 | 184497 | 42138 |
| 6 | गुजरात | 850691 | 1596402 | 1096223 | 533890 | 25 | 37 | 45 | 31 | 49160 | 103752 | 67653 | 12532 |
| 7 | हरियाणा | 162932 | 156406 | 235281 | 165078 | 42 | 38 | 36 | 27 | 9855 | 8837 | 9077 | 2548 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 445713 | 497336 | 444247 | 308864 | 46 | 57 | 49 | 31 | 50193 | 48283 | 22052 | 1900 |
| 9 | जम्मू एवं कश्मीर | 199166 | 336036 | 492277 | 62713 | 40 | 38 | 43 | 28 | 7643 | 21360 | 60224 | 1255 |
| 10 | झारखण्ड | 1576348 | 1702599 | 1987360 | 1038432 | 48 | 49 | 42 | 27 | 95473 | 133296 | 131149 | 10031 |
| 11 | कर्नाटक | 896212 | 3535281 | 2224468 | 372900 | 32 | 57 | 49 | 26 | 27009 | 445930 | 131575 | 5261 |
| 12 | केरल | 692015 | 955976 | 1175816 | 968049 | 22 | 36 | 41 | 16 | 14344 | 43596 | 67970 | 202 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 5207665 | 4714591 | 4407643 | 2147323 | 57 | 56 | 50 | 29 | 979026 | 678717 | 467119 | 35460 |
| 14 | महाराष्ट्र | 906297 | 591547 | 451169 | 564944 | 46 | 46 | 44 | 31 | 32510 | 22630 | 28240 | 24682 |
| 15 | मणिपुर | 381109 | 418564 | 433856 | 149169 | 75 | 73 | 68 | 14 | 137006 | 101 | 109339 | 2 |
| 16 | मेघालय | 224263 | 300482 | 346149 | 90828 | 38 | 49 | 58 | 22 | 26323 | 13453 | 19576 | 245 |
| 17 | मिजोरम | 172775 | 180140 | 170894 | 153158 | 73 | 95 | 97 | 25 | 91758 | 7059 | 131970 | 0 |
| 18 | नागालैंड | 296689 | 325242 | 350815 | NR | 68 | 87 | 95 | NR | 34070 | 103436 | 190261 | NR |
| 19 | उड़ीसा | 1199006 | 1398300 | 2004815 | 814493 | 36 | 40 | 49 | 28 | 52459 | 82710 | 204229 | 8232 |
| 20 | पंजाब | 147336 | 271934 | 278134 | 152572 | 27 | 28 | 27 | 20 | 3970 | 7702 | 5243 | 724 |
| 21 | राजस्थान | 6373093 | 6522264 | 5859667 | 3808490 | 76 | 69 | 52 | 34 | 2631892 | 1514420 | 495830 | 65582 |
| 22 | सिक्किम | 52006 | 54156 | 56401 | 25751 | 51 | 80 | 85 | 34 | 2863 | 12633 | 25695 | 642 |
| 23 | तमिलनाडु | 3345648 | 4373257 | 4969140 | 4678482 | 36 | 55 | 54 | 26 | 508122 | 760689 | 1102070 | 26365 |
| 24 | त्रिपुरा | 549022 | 576487 | 557055 | 531184 | 64 | 80 | 67 | 32 | 56930 | 214218 | 81442 | 1384 |
| 25 | उत्तर प्रदेश | 4336466 | 5483434 | 6431213 | 4910140 | 52 | 65 | 52 | 25 | 647525 | 796929 | 600559 | 39732 |
| 26 | उत्तराखंड | 298741 | 522304 | 542391 | 181995 | 35 | 35 | 42 | 26 | 12633 | 20664 | 25412 | 2225 |
| 27 | पश्चिम बंगाल | 3025854 | 3479915 | 4998239 | 2016829 | 26 | 45 | 31 | 12 | 23050 | 72123 | 104967 | 2495 |
| 28 | अंडमान व नीकोबार | 5975 | 20337 | 17636 | 9682 | 17 | 29 | 23 | 21 | 12 | 657 | 174 | 44 |
| 29 | दादरा और नगर हवेली | 1919 | 3741 | 2290 | NR | 25 | 19 | 21 | NR | 66 | 24 | 0 | NR |
| 30 | दमन व दीव | NR | NR | NR | NR | NR | NR | NR | NR | NR | NR | NR | NR |
| 31 | गोवा | NR | 6604 | 13897 | 8378 | NR | 28 | 27 | 21 | NR | 121 | 413 | 14 |
| 32 | लक्षद्वीप | 3024 | 5192 | 4507 | 1801 | 60 | 27 | 30 | 31 | 481 | 20 | 71 | 6 |
| 33 | पुदुचेरी | 12264 | 40377 | 38118 | 32130 | 13 | 22 | 30 | 16 | 0 | 385 | 137 | 19 |
| 34 | चंडीगढ़ | NR | NR | NR | NR | NR | NR | NR | NR | NR | NR | NR | NR |
| | **कुल** | **45112792** | **52585999** | **54947068** | **30848011** | **48** | **54** | **47** | **28** | **6521268** | **7083663** | **5561812** | **567485** |

**एन आर - सूचित नहीं।**